# ANNUAL REPORT

# 2023-2024

REPORT BY :-

JHARKHAND WUSHU ASSOCIATION

# JHARKHAND WUSHU  ASSOCIATION

## IMPORTANT EVENTS 2023–2024

### 22ND TO 23RD APRIL 2023

### 19TH JHARKHAND STATE SENIOR WUSHU CHAMPIONSHIP

19th Jharkhand State Senior  Wushu Championship was organised at R K Anand Bowls Green,Namkum, Ranchi.

Approx 110 players from different units of Jharkhand were participated in this 2 day  championship. The opening ceremony of the championship was organised at 10.00 AM and. The Chief guest of the Opening  ceremony was Swami Divyanand from Acharyakulam  and the Guest of honour was Sri Chanchal Bhattacharya. The other guests were Shailendra Dubey, Deepak Gope, Razi Ahmed,Wahid Ali.

The closing and prize distribution ceremony was organised at 4:00 PM . The Chief guest of the prize distribution  ceremony Prof Mukund Mehta and the Guest of honour was Swami Divaydev-Acharyakulam

The  other guests during the ceremony were Mithlesh  Sahu, Shailendra Dubey, Deepak Gope, Razi Ahmed, Gokuulanand Mishra, Shivendra Dubey who distributed medals  and trophy to  the players.

Ranchi stood 1st while Chatra and Hazaribag stood 2nd and 3rd place respectively.







# वुशु प्रतियोगिता में 5 पदक के साथ हजारीबाग तीसरे स्थान पर

- कोच सरोज मालाकार और खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित
- हजारीबाग जिले से कुल छह वुशु खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में इस बार हुए थे शामिल

हजारीबाग, नगर प्रतिनिधि। रांची के नामकुम स्थित आरके आनन्द बॉल्स ग्रीन इंडोर स्टेडियम में 22 और 23 अप्रैल को संपन्न हुए 19वीं झारखंड राज्य सीनियर वुशु चैम्पियनशिप में हाजरीबाग के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांच कांस्य पदक के साथ पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि पर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो मुकुंद मेहता और विशिष्ट अतिथि आचार्यकुलम के स्वामी दिव्यदेव ने कोच सरोज मालाकार और खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

जिले से छह वूशु खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे। जिसमें सानसऊ स्पर्धा में जिन पांच खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया उनमें 48 किलो भार वर्ग में अंकिता कुजूर, 56 किलो में सुषमा कच्छप, 60 किलो में कोमल कुमारी, 48 किलो में अविनाश कुमार, 60 किलो में रोहित और 65 किलो भारवर्ग में बिकेश सिंह शामिल हैं। इस उपलब्धि पर हजारीबाग वूशु एसोसिएशन की अध्यक्ष पुष्पा शास्त्री, सचिव सरोज मालाकार, अंकुर गर्ग, मनोज, सिंगराय सुंडी, पंकजगुप्ता, एजे मिंज, संरक्षक आचार्य कौटिल्य, भइया मुरारी सिन्हा और हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने इस जीत पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



हजारीबाग में सोमवार को ट्रॉफी और पुरस्कार के साथ विजेता खिलाड़ी। ● हिन्दुस्तान

# वुशु प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग

जागरण संवाददाता, रांची : रविवार को नामकुम स्थित आरके आनंद ग्रीन इंडोर स्टेडियम में आयोजित झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता में दो सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें रांची की टीम पहले स्थान पर रही। चतरा की टीम दूसरे व हजारीबाग की टीम तीसरे स्थान पर रही।

**प्रतियोगिता के ताऊलू के परिणाम** : (स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी) आकाश उरांव, सचिन झमुदा, श्रेया कुमारी, आस्था उरांव, विशाल गंझू, लक्ष्मी कुमारी, आयुष कुमार सौं,भास्कर कुमार ठाकुर, रोहित कुमार गंझू, डॉली कुमारी, तारा कुमारी, सोनी मिंज, अविनाश गंझू।



पदक के साथ विजेता खिलाड़ी ● जागरण

**रजत पदक बिजेता** : तनुश्री, एल प्लेटोदिप सिंह, शिवम उरांव, राकेश उरांव, कुसुम कुमारी, सोनाली कुमारी, अरविंद कुमारी, बासुदेव टोप्पो, साकिब अंसारी,जेठू कुमार गंझू।

**कांस्य पदक विजेता** : आर्यन कुमार, संदीप मेहता, प्रशांत कैबरता, पिंटू महतो, मनीष मुंडा, ललन यादव, संजना कुमारी।

**सानसाउ के परिणाम** : (स्वर्ण पदक विजेता) निशांत तिरकी, रूपलाल गंझू, सोमनाथ सिंह, प्रशांत गोराई, कमल नयन, सूरज कुमार, अविनाश कोइरी, अमन तिवारी, विनीत पवन तिरकी, शिवम कुमार, सबिता कुमारी, मनोरमा, पल्लवी गाड़ी, पितुल कुमारी, मेनका कुजूर, कविता बेदिया

रजत पदक विजेता- प्रीति कुमारी, तरामुनि बाखला, ज्योति कुमारी, कंचन तिग्गा, अनुराधा, बलदेव ठाकुर, आनंद कुमार आदि रहे।

## 30TH APRIL 2023

### ELECTION AGM OF WUSHU ASSOCIATION OF INDIA

The Election Annual General Meeting of the Wushu Association of India (WAI) took place at Hotel Godwin in Meerut to elect the office bearers for the session 2023-2027. The election process was conducted by advocate Sri Virender Kumar as returning officer , and Sri Sahdeo Yadav, who is the Treasurer of the Indian Olympic Association (IOA), was present as an observer for the election. Sri Kalyan Choubey, who is the Joint Secretary cum CEO of IOA, and Sri Amitabh Kumar, an EC Member of IOA, also attended the meeting as guest.

During the meeting, the entire WAI was elected unanimously. Sri Jitender Singh was elected as the President, while Sri Vijay Saraf was elected as the Secretary, and Sri Murlidhar Choudhry from Assam was elected as the Treasurer. Shailendra Nath Dubey, the Secretary of Jharkhand, was elected as the Joint Secretary. In addition, Mr. Shivendra Nath Dubey and Sri Chanchal Bhattacharya were nominated as Associated Vice President and Member, respectively.

The newly elected office bearers are expected to bring new initiatives and plans to the WAI in the next four years. The election process was conducted smoothly under the supervision of an observer from IOA, which reflects the transparency and fairness of the election process. The WAI hopes to continue promoting and developing the sport of Wushu in India under the leadership of the newly elected office bearers.



# वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया का विशेष आम सभा सह चुनाव संपन्न



**मेरठ :** वुशु एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की विशेष आम बैठक बैठक सह चुनाव आज मेरठ के गॉडविन होटल में संपन्न हुआ। इस बैठक में अगले सत्र 20 23 से 20 27 तक के कार्यकाल के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें मेरठ के जितेंद्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष, कश्मीर के विजय सर्राफ को सचिव और असम के मुरलीधर चौधरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही झारखंड के शैलेंद्र दुबे को संयुक्त सचिव बनाया गया इसके अलावा 6 उपाध्यक्ष साथ 6 संयुक्त सचिव और 10 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव किया गया ।यह चुनाव निर्विरोध हुआ। इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा को वुशु एसोसिएशन आफ इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किया गया जबकि पूर्व कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे को एसोसिएट उपाध्यक्ष एवम चंचल भट्टाचार्य को एसोसिएट सदस्य बनाया गया । सभी चुने गए पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामना दी गई । इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ सह संयुक्त सचिव कल्याण चौबे , कोषाध्यक्ष सहदेव यादव औरन अमिताभ कुमार मौजूद थे। इस पूरे चुनाव प्रक्रिया के पर्यवेक्षक सहदेव यादव थे जबकि रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट वीरेन्द्र कुमार थे।

**खेल.** वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की विशेष आम सभा सह चुनाव

# जितेन्द्र बने अध्यक्ष, विजय सचिव

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची/मेरठ :** वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की विशेष आम बैठक बैठक सह चुनाव आज मेरठ के गॉडविन होटल में संपन्न हुआ। इस बैठक में अगले सत्र 20 23 से 20 27 तक के कार्यकाल के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें मेरठ के जितेंद्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष, कश्मीर के विजय सर्राफ को सचिव और असम के मुरलीधर चौधरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही झारखंड के शैलेंद्र दुबे को संयुक्त सचिव बनाया गया इसके अलावा 6 उपाध्यक्ष साथ 6 संयुक्त सचिव और 10 कार्यकारिणी सदस्यों का भी



चुनाव किया गया ।यह चुनाव निर्विरोध हुआ। इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा को वुशु एसोसिएशन आफ इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किया गया जबकि पूर्व कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे को एसोसिएट उपाध्यक्ष एवम चंचल भट्टाचार्य को एसोसिएट सदस्य बनाया गया ।सभी चुने गए पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामना दी गई इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ सह संयुक्त सचिव कल्याण चौबे , कोषाध्यक्ष श्री सहदेव यादव औरन अमिताभ कुमार मौजूद थे इस पूरे चुनाव प्रक्रिया के पर्यवेक्षक श्री सहदेव यादव थे जबकि रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट वीरेन्द्र कुमार थे।

# वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया का विशेष आम सभा सह चुनाव संपन्न



मेरठ : वुशु एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की विशेष आम बैठक बैठक सह चुनाव आज मेरठ के गॉडविन होटल में संपन्न हुआ। इस बैठक में अगले सत्र 20 23 से 20 27 तक के कार्यकाल के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें मेरठ के जितेंद्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष, कश्मीर के विजय सर्राफ को सचिव और असम के मुरलीधर चौधरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही झारखंड के शैलेंद्र दुबे को संयुक्त सचिव बनाया गया इसके अलावा 6 उपाध्यक्ष साथ 6 संयुक्त सचिव और 10 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव किया गया ।यह चुनाव निर्विरोध हुआ। इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा को वुशु एसोसिएशन आफ इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किया गया जबकि पूर्व कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे को एसोसिएट उपाध्यक्ष एवम चंचल भट्टाचार्य को एसोसिएट सदस्य बनाया गया । सभी चुने गए पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामना दी गई । इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ सह संयुक्त सचिव कल्याण चौबे , कोषाध्यक्ष सहदेव यादव औरन अमिताभ कुमार मौजूद थे। इस पूरे चुनाव प्रक्रिया के पर्यवेक्षक सहदेव यादव थे जबकि रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट वीरेन्द्र कुमार थे।

# भारतीय वुशु एसोसिएशन की कमेटी में रांची से तीन



शिवेंद्र दुबे : उपाध्यक्ष।



शैलेंद्र दुबे : संयुक्तसचिव।



चंचल भट्टाचार्य : एसोसिएट सदस्य

रांची, खेल संवाददाता। वुशु एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की विशेष आम बैठक सह चुनाव रविवार को मेरठ में हुआ। इस चुनाव में रांची के तीन लोगों को कमेटी में स्थान दिया गया।

रांची के शैलेंद्र दुबे को भारतीय वुशु एसोसिएशन का संयुक्त सचिव बनाया गया। पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे को एसोसिएट उपाध्यक्ष एवम चंचल भट्टाचार्य को एसोसिएट सदस्य बनाया गया ।

जितेंद्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष, कश्मीर के विजय सर्राफ को सचिव और असम के मुरलीधर चौधरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया

# जितेंद्र बाजवा बने वुशू संघ के अध्यक्ष

## गॉडविन होटल में हुए कार्यकारिणी के चुनाव में निर्विरोध चुने गए, आईओए सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा ने दी बधाई

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

**वुशू** एसोसिएशन ऑफ इंडिया की नई कार्यकारिणी का विधिवत चुनाव हुआ। पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई। जितेंद्र सिंह बाजवा को नया अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने भूपेंद्र सिंह बाजवा की जगह ली है। जिन्होंने अपने 12 साल के कार्यकाल में वुशू को विश्व स्तर पर ले जाने में सफलता हासिल की है।

गॉडविन होटल में आयोजित वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट वीरेंद्र कुमार ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह बाजवा, महासचिव पद पर विजय सर्राफ बनाए गए हैं। इसके अलावा कोषाध्यक्ष मुरलीधर चौधरी, उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह सोढी, मनीष कक्कड़, पीएन आजाद, हीरानंद कटारिया और उपासना चुने गए। संयुक्त सचिव पद पर अशोका डी मोकाशी, शंभू सेठ, भवनीत, पी जॉनसन, शैलेंद्र नाथ दुबे चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों के लिए एल मैरी, प्रद्युमन बेहरा, डी कोंडिया, डोनी राफेल रेनी, सुमन मिश्र, अनुज गुप्ता, सीपी शबीर, टेक तादर और एमएस मुरुगन चुने गए हैं। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के सहदेव यादव मौजूद थे। इससे पहले निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कार्यकारिणी को भंग करते हुए कहा कि 12 साल से वुशू संघ का अध्यक्ष रहकर इस खेल को वर्ल्ड लेवल पर लाने के लिए पूरी कार्यकारिणी ने परिवार की तरह काम किया। इसी कारण एशियन गेम में चार और वर्ल्ड कप में दो मेडल मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा वुशू का भविष्य उज्जवल है। इस मौके पर आईओए के संयुक्त सचिव और भारतीय फुटबाल संघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि 12 वर्षों से वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया परिवार की तरह काम कर रहा है। भूपेंद्र सिंह बाजवा के कार्यकाल में इस खेल ने बुलंदियों को छुआ है। आशा है नई कार्यकारिणी भी परिवार की तरह काम करेगी। आईओए सदस्य और जीटीसीसी चेयरमैन अमिताभ शर्मा ने कहा कि वुशू चीन का नेशनल गेम है और इस देश में जिस तेजी से इस खेल ने जड़ें मजबूत की है। उसके पीछे भूपेंद्र सिंह बाजवा की कार्यकारिणी बधाई की पात्र है। उन्होंने नए अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा को बधाई दी और कहा कि आशा है नई कार्यकारिणी सफलता की नई इबारत लिखेगी। इंडियन वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष और आईओए सदस्य सहदेव यादव ने कहा बारह साल की मेहनत साफ दिख रही है और इसके लिए भूपेंद्र सिंह बाजवा और उनकी कार्यकारिणी बधाई की पात्र है। फिर से सबको साथ लेकर चलने की जरूरत है। इस कार्यकारिणी ने न केवल मेरठ बल्कि देश का नाम रोशन किया है। इससे पहले चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत की घोषणा की गई। इस मौके पर देशभर के सभी राज्यों के वुशू फेडरेशन के सदस्य मौजूद थे। रिटर्निंग अधिकारी एडवोकेट वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक ही। नामांकन आया है और इसके लिए जितेंद्र सिंह बाजवा ने नामांकन किया है। वहीं, महासचिव के लिए दो लोगो ने नामांकन किया था जिसमे एक ने दावेदारी वापस ले ली। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा क्योंकि सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। जैसे ही जितेंद्र सिंह बाजवा के अध्यक्ष बनने की घोषणा हुई पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रिटर्निंग अधिकारी ने जब पूछा कि किसी को कोई आपत्ति हो तो बोल सकता है, इस पर पूरे सभागार ने मेज थपथपा कर सहमति जाता दी। कार्यकारिणी के 10 सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। वुशू की नई कार्यकारिणी में चार महिलाओं को भी चुना गया है।





वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नये अध्यक्ष चुने जाने पर जितेन्द्र सिंह बाजवा का बुके देकर स्वागत करते वुशू संघ के पदाधिकारी।



होटल गॉडविन में वुशू संघ के चुनाव के बाद आईओए सदस्य अमिताभ शर्मा, भूपेन्द्र सिंह बाजवा, आईओए संयुक्त सचिव कल्याण चौबे, सहदेव यादव और नये अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह बाजवा।



# ऐतिहासिक होंगे इस बार गोवा में नेशनल गेम: अमिताभ

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

**भारतीय** ओलंपिक संघ के कार्यपरिषद के सदस्य और गोवा में होने जा रहे 37वें नेशनल गेम के जीटीसीसी के चेयरमैन अमिताभ शर्मा का कहना है कि आगामी नेशनल गेम के लिये गोवा पूरी तरह से तैयार है। 23 या 24 अक्तूबर को प्रधानमंत्री इन खेलों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि नेशनल गेम में 16 हजार खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे।



अमिताभ शर्मा।

बागपत रोड स्थित होटल गॉडविन में जनवाणी के साथ बातचीत में अमिताभ शर्मा ने कहा कि गोवा सरकार व्यापक तैयारी कर रही है। इसको लेकर चल रही तैयारियों को आईओए नजर रखे हुए है। गोवा वैसे भी पर्यटक के रुप में जाना जाता है, लेकिन अब यह खेलों के डेस्टीनेशन के रुप में उभरेगा। इस बार मार्शल खेल भी शामिल किये जा रहे है। आईओए सभी नेशनल फेडरेशनों के साथ मिलकर खेलों के विकास के लिये काम कर रही है। फेडरेशन अपने नेशनल गेम और ट्रायल आयोजित करें। सभी फेडरेशनों को एडवाइजरी दी है कि वे अपने ट्रायल्स कराएं। इनमें जो चुन कर आएंगे वे नेशनल गेम में भाग लेंगे। इसमें 11 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी नेशनल फेडरेशन अपने स्टेट चयन करेंगे। इस बार 38 खेल शामिल किये गए हैं।

## 2ND TO 8TH MAY 2023

## MOSCOW STAR INTERNATIONAL WUSHU CHAMPIONSHIP

Purnima Linda, a talented athlete from Jharkhand, has made her state and country proud by winning a bronze medal during the Moscow Star International Wushu Championship held in Moscow from 2nd to 8th May 2023. Purnima was selected as a member of the Indian squad during the last selection trial held in Meerut. Following her selection, she attended the training camp at Meerut and worked hard to achieve this great achievement for India.

The Moscow Star International Wushu Championship is a highly competitive event that attracts athletes from around the world. Purnima competed against some of the best athletes in the world, and her hard work and dedication paid off when she won a bronze medal in her category. Her performance was remarkable, and she displayed great skill, determination, and sportsmanship throughout the competition.

Purnima's success is a testament to her talent and hard work, as well as the support provided by the Indian Wushu Association and the Jharkhand state government. Her achievement will undoubtedly inspire other athletes from Jharkhand and India to pursue their dreams and work hard to achieve them.

In conclusion, Purnima Linda's bronze medal win at the Moscow Star International Wushu Championship is a remarkable achievement, and she deserves to be congratulated for her hard work and dedication. We hope that her success will inspire other athletes from India and Jharkhand to follow in her footsteps and achieve greatness in their respective sports.




МОСКОВСКИЕ ЗВЕЗДЫ УШУ





# पूर्णिमा लिंडा ने मास्को में जीता कांस्य पदक

**खेल संवाददाता**




**मास्को/रांची।** रांची, झारखंड की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने रविवार को मास्को में चल रही मास्को स्टार इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता 2 से 8 मई (सोमवार) तक मॉस्को में चलेगा। पिछले दिनों मेरठ में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल के आधार पर पूर्णिमा लिंडा का भारतीय दल में चयन हुआ था। पूर्णिमा लिंडा झारखंड वुशु की एक मेहनती खिलाड़ी रही और इन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर राज्य का नाम बढ़ाया। 36वें नेशनल गेंस में वे राज्य वुशु दल का हिस्सा थी और पिछले दिनों आयोजित फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते थे। पूर्णिमा की इस सफलता पर राज्य के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, मधुकांत पाठक (सचिव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन) सहित डॉ प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, प्रोफेसर मुकुंद मेहता, डॉ कविता वर्मा, डॉ अंशु साहू, प्रियदर्शी अमर, शशिकांत पांडे, आजाद पाठक, गोकुलानंद मिश्र, रजि अहमद, दीपक गोप, रत्नेश कुमार, प्रतिमा कुमारीं, विमला टोप्पो, सुशांति टोपनो, काजल किरण, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, अभय कुमार सिंह, संजय जैन, मनोज महतो, मनोज साहू, शैलेंद्र दुबे, संजय जैन, शिवेंद्र दुबे आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# पूर्णिमा लिंडा ने मास्को में जीता कांस्य पदक

**जागरण संवाददाता, रांची :** मास्को में चल रही मास्को स्टार इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में रांची की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता आठ मई तक चलेगी। पिछले दिनों मेरठ में आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर पूर्णिमा लिंडा का भारतीय दल में चयन हुआ था। पूर्णिमा लिंडा ने पिछले दिनों आयोजित फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते थे। पूर्णिमा लिंडा की सफलता पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

ने भी क्रिकेटर समूह जमशेदपुर, झारखंड के ... पदाधिकारियों की मिलीभगत है।

# पूर्णिमा लिंडा ने मास्को में वुशु में जीता कांस्य पदक

रांची | रांची की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने रविवार को मास्को में चल रही मॉस्को स्टार इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता 2 से 8 मई तक मॉस्को में आयोजित हो रही है। पिछले दिनों मेरठ में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल के आधार पर पूर्णिमा लिंडा का भारतीय दल में चयन हुआ था। पूर्णिमा लिंडा 36वें नेशनल गेम्स में वे राज्य वुशु दल का हिस्सा थी और पिछले दिनों आयोजित फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते थे।

# झारखंड की पूर्णिमा लिंडा को वुशु की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य

**रांची.** झारखंड की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने रविवार को मास्को में चल रहे मास्को स्टार इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता. दो से आठ मई तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. वहीं पूर्णिमा का चयन पिछले दिनों मेरठ में हुए सलेकशन ट्रायल में भारतीय टीम के लिये हुआ था. पूर्णिमा झारखंड वुशु की एक मेहनती खिलाड़ी हैं और इन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर राज्य का नाम बढ़ाया है. पूर्णिमा की सफलता पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, डॉ प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, शिवेंद्र दुबे सहित अन्य ने बधाई दी.

- o –

## 13TH TO 14TH MAY 2023

## 19TH JHARKHAND STATE SUB JUNIOR WUSHU CHAMPIONSHIP

19th Jharkhand State Sub Junior Wushu Championship was organised at St Michael School, Muri,Ranchi.

Approx 380 players from different units of Jharkhand were participated in this 2 day championship.

*The Chief Guest* of the Opening Ceremony was Sri Rakesh Kumar – Director St Michael SchoolSri shailendra Nath Dubey- Secretary Jharkhand Wushu Association who jointly inaugurate the championship under the presence of Deepak Gope, Razi Ahmed, Gokulanand Mishra, Wahid Ali , Sushil Kachhap.

On 14th May 2023 evening at 3.30 PM the Closing/Prize Distributio Ceremony was organized.

Approximately 380 players from various units of Jharkhand participated in a two-day championship. The closing and prize distribution ceremony took place at 3:00 PM. Sri Chanchal Bhattacharya, Chairman of Jharkhand Wushu Association, was the chief guest at the ceremony. He encouraged the players to enhance their performance for future events. Several other guests, including Rakesh Kumar, Gokulanand Mishra, Amrendra Dwivedi, Deepak Gope, Sushil Kachhap, Shivendra Dubey, Shailendra Dubey, Ratnesh Kumar, S Wahid Ali, and Rajesh Sahu, distributed medals and trophies to the players.

Ranchi stood 1st ,Chatra and Garhwa stood 2nd and 3rd place respectively.




USI


JEEP
JUST HEAR
EVER

# राज्य वुशु में रांची ने जिला जीता खिताब



राज्य सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में खिताब जीतनेवाली रांची जिला टीम।

मुरी,( रांची)। मुरी स्थित संत माइकल स्कूल में दो दिवसीय 19वीं सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी। 141 अंकों के साथ रांची प्रथम,32 अंकों के साथ चतरा द्वितीय तथा 16 अंको के साथ गढ़वा तृतीय स्थान पर रहा।

इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक खिलाड़ियों का चयन चंडीगढ़ में आयोजित सब जूनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

**स्वर्ण विजेता:** सरस्वती कुमारी, प्रतिमा कुमारी,सीमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,करीना कुमारी,होलिका कुमारी,पूनम कुमारी ,काशिश राज,अनुष्का कुमारी, राखी कुमारी,नौतिक कुमार, अमर तिर्की, सोनू मांझी, ऋषि बाबू,आयुष सिंह राजपूत, विकेश बेदिया, उमेश बेदिया,कौशिक राज,प्रेम बाउरी, अमन कच्छप,रिकी खलखो,ज्वाला प्रसाद महतो,सुमित,कुमार हर्ष,प्राची कुमारी, अनिशा कुमारी,आहना सिंह,श्रेया कुमारी, अभ्युदय कुमार व उज्वल पाल।

विशिष्ट अतिथि संत माइकल स्कूल के निदेशक डॉ राकेश कुमार थे। अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवेंद्र नाथ दुबे,राजेश साहू, शैलेंद्र दुबे,रज़ि अहमद,रत्नेश कुमार ,गोकुलानंद मिश्र ,अमरेंद्र दत्त,सुमित कुमार आदि मौजूद थे। मंच संचालन अमरेंद्र दत्त द्विवेदी ने व रज़ि अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

आज के समापन समारोह के प्रारंभ में ही मास्को इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप से कांस्य पदक जीत कर लौटी वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा का भव्य स्वागत किया गया।

# झारखंड राज्य सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता संपन्न



**रांची.** संत माइकल स्कूल मुरी में आयोजित 19वीं सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता संपन्न हो गयी. दो दिवसीय प्रतियोगिता में 141 अंकों के साथ रांची प्रथम, 32 अंकों के साथ चतरा द्वितीय और 16 अंकों के साथ गढ़वा की टीम तृतीय स्थान पर रही. समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य व विशिष्ट अतिथि संत माइकल स्कूल के निदेशक डॉ राकेश कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया. मौके पर मास्को इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप से कांस्य जीत कर लौटी वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा का स्वागत किया गया.

## 4$^{TH}$ TO 8$^{TH}$ JUNE 2023

### Jharkhand State Wushu Technical Seminar 2023

**Introduction**: The Jharkhand State Wushu Technical Seminar was successfully conducted at the Sarala Birla University Hostel Campus. The seminar aimed to enhance the skills and knowledge of approximately 30 players and coaches from various districts of Jharkhand. The event proved to be a resounding success as participants gained valuable insights into the art of Wushu under the guidance of NIS Coach, Mr. Deepak Gope and South Asian Judge and Chairman of the technical committee of Jharkhand Wushu Association and able guidance and support of its President Dr Pradip Varma ,Chairman Sri Chanchal Bhattacharya,Director Shivendra Dubey,V P Mithlesh Sahu and Secretary Shailendra Dubey.

**Overview**: The technical seminar spanned several days, during which participants were exposed to a comprehensive program designed to improve their understanding of Wushu techniques. The event provided an excellent platform for players and coaches to come together, exchange ideas, and hone their skills.

**KEY HIGHLIGHTS:**

**Participation**: The seminar witnessed active participation from approximately 30 players and coaches from different districts of Jharkhand. This diverse group of individuals brought their unique perspectives and experiences, fostering a rich learning environment.

**Expert Guidance:** The seminar benefitted from the expertise of NIS Coach, Mr. Deepak Gope. His extensive knowledge and experience in Wushu played a pivotal role in shaping the seminar's curriculum. Coach Gope's hands-on approach and insightful instructions resonated well with the participants, enabling them to grasp various techniques effectively.

**Comprehensive Curriculum**: The seminar covered a wide range of Wushu techniques, focusing on both basic and advanced aspects. Participants were introduced to fundamental stances, footwork, kicks, punches, and blocks, gradually progressing to more complex movements. The systematic approach ensured that all participants could build a strong foundation and develop their skills progressively.

**Interactive Sessions:** The seminar encouraged active participation and interaction among the attendees. Participants were given ample opportunities to practice the techniques taught and receive individual feedback from Coach Gope. This interactive approach fostered a positive learning environment and allowed for the exchange of ideas among participants.

**Team Building and Networking:** The seminar not only provided a platform for skill development but also fostered camaraderie among the participants. Through group activities and team-building exercises, players and coaches developed stronger bonds and established a network for future collaborations.

**Conclusion:** The Jharkhand State Wushu Technical Seminar held at Sarala Birla University Hostel Campus proved to be a successful event. The participants, consisting of players and coaches from different districts of Jharkhand, benefited greatly from the expertise of NIS Coach Mr. Deepak Gope. The comprehensive curriculum, interactive sessions, and team-building activities ensured a holistic learning experience. This seminar served as a stepping stone for the participants to further enhance their skills and contribute to the development of Wushu in Jharkhand.



# झारखंड जजेस ट्रेनिंग कोर्स 4 से

जागरण संवाददाता, रांची : झारखंड राज्य जजेस ट्रेनिंग कोर्स चार सेआठ जून तक सरला बिरला पब्लिक स्कूल महिलौंग में सरला बिरला विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डा. प्रदीप वर्मा ने बताया कि झारखंड में वुशु खेल के विकास के लिए इस बात की नितांत आवश्यकता जान पड़ती है कि उसके तकनीकी पदाधिकारियों और कोचेस के स्तर में सुधार हो सके 'इसी को ध्यान में रखते हुए यह कोर्स आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे चयनित जजेस नैशनल जजेस सेमिनार में भाग लेंगे जिसका आयोजन राँची में किया जाएगा।



# झारखंड वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार संपन्न



**रांची.** झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार मंगलवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी में संपन्न हो गया. इस अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के वाइस प्रेसीडेंट मिथलेश साहू, शैलेंद्र दुबे, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, शिवेंद्र दुबे सहित अन्य ने सेमिनार में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया. सेमिनार में राज्य भर से आये खिलाड़ियों और कोच ने भाग लिया.

# झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार संपन्न



प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी • जागरण

जासं, रांची : झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार मंगलवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी के हास्टर परिसर में संपन्न हो गया। झारखंड वुशु एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मिथिलेश साहु, शैलेन्द्र दुबे, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, शिवेंद्र दुबे, दीपक गोप सहित संघ के कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इन्होंने भाग लिया:- निशांत तिरकी, कृष्णा कच्छप, ध्रुव द्विवेदी, राकेश उरांव, प्रशांत गोराई, सोमनाथ सिंह, शशिकांत महतो, इन्द्रशिष रॉय, मनीष मुंडा, मोहम्मद जावेद, संजीव सेन, सोनू कुमार मलिक, शांतनु सेन, बासुदेव टोप्पो, अशोक उरांव, भास्कर कुमार ठाकुर, ऋषभ शुक्ला, लक्ष्मी कुमारीं, कंचन तिग्गा, श्रेया कुमारीं, पूर्णिमा लिंडा, तरामुनि बाखला, पल्लवी गाड़ी, संजना उरांव, आस्था उरांव, एकता रोजा तिरकी, प्रिया गाड़ी सहित अन्य।

- o –

## 7TH TO 17TH JUNE 2023

### Jharkhand State Wushu Summer Training Camp

The Wushu Summer Training Camp, jointly organized by Jharkhand Wushu Association and Ranchi District Wushu Association, concluded at Birsa Munda Stadium Wushu Hall.

The training camp, which began on June 7, included the participation of around seventy players from the senior, junior, and sub-junior categories. Coach Deepak Gope imparted knowledge about Sanshou and Taolu techniques to these players.

Dr. Pradeep Verma, President of Jharkhand Wushu Association, shared that the objective of the camp was to improve performance in upcoming national competitions.

The conclusion of the training camp was marked by the presence of notable individuals, including Shailendra Dubey and Uday Sahu



- o –

## 18TH TO 23RD JUNE 2023

### Jharkhand State Senior Wushu Training Camp

Ranchi: The training camp for the senior Wushu team, who participated in the Senior National Wushu Championship held in Pune, conducted at Birsa Munda Stadium. The camp, which began on June 18,and ends on 23rd June 2023 includes all the forty selected players for the Senior National Championship. The Jharkhand Wushu team will depart for Pune on the 24th. Providing information about this, Mr. Chanchal Bhattacharya, Chairman of the Jharkhand Wushu Association, mentioned that based on this competition, players will qualify for the Goa National Games.During this camp, Shailendra Dubey and Deepak Gope are providing the training.





- o –

## 21ST JUNE 2023

### International Yoga Day Celebrations

Jharkhand Wushu Association in collaboration with Indian Pierre De Coubertin Association, the Department of Sports and Youth Affairs, organized a yoga training session at the local Birsa Munda Stadium on the occasion of International Yoga Day. The event witnessed the participation of athletes from Wushu, Kho-Kho, and Athletics.

Prominent figures such as Mr. Dilip Tirkey, President of the Indian Pierre De Coubertin Association, along with Shailendra Dubey, Prabhat, Deepak Gope, Chanchal Bhattacharya, and other coaches and sports enthusiasts were present at the occasion.






- o –

## 23RD JUNE 2023

### 2023 International Olympic Day Celebrations

The International Olympic Day Celebrations program was jointly organized by Jharkhand Olympic association and Department of Youth Affairs and Sports Govt Of Jharkhand .

Run for Olympic Day is a challenging and exciting event which was organized during the day and it's great to see players from the Jharkhand Wushu Association participating.

In this program the Run was organized in which players from Jharkhand Wushu association were participated.




- o –

## 9TH TO 10TH JULY 2023

## 19TH JHARKHAND STATE JUNIOR WUSHU CHAMPIONSHIP

The two-day 19th Jharkhand State Wushu Championship championship was held in Jharkhand, with approximately 300 players from different sixteen units participating in the event. The opening ceremony took place at 03:00 PM at Tata Community Center in Digwadih, Dhanbad. The program was inaugurated by Colonel Bhavani Singh, the Head Administration of Tata Steel, Digwadih, Dhanbad.

Several other distinguished guests were also present at the ceremony. Sri Piyush Kumar, Senior Manager HR, and Srimati Sweta, Manager HR, were among the guests. Additionally, Nakul Singh, Uchit Mahto, Shailendra Dubey, Ratnesh Kumar, Amrendra Dutt Dwivedi, Deepak Gope, Wahid Ali, Gokulanand Mishra, Shivendra Nath Dubey, Diesh Yadav, Ajay Kumar Singh, Rahul Anand, Monu Kumar, Palbinder Singh jointly inaugurated the championship.

The championship aimed to showcase the talents of players from different units in Jharkhand and provide them with a platform to compete against each other. Over the course of the two days, participants engaged in wushu championship demonstrating their skills and teamwork.

The closing and prize distribution ceremony was organised at 03:00 PM . The Chief Guest of the closing ceremony was Sri Yogendra YAdav-Senior Leader the Guest of honour was Dr J K Banerji-Principal Shyama Prasad College and the other guests were Shailendra Dubey,Ratnesh Kumar,Amrendra Dutt Dwivedi, Deepak Gope, S Wahid Ali, Gokulanand Mishra, Diesh Yadav,Ajay Kumar Singh,Rahul Anand,Monu Kumar, Palbinder Singh,Shashikant Pandey who distributed medals to the players.






Jharkhand State
Wushu Championship
Date
2023
Dhanbad
Ranchi.



- o –

## 26TH JUNE TO 1ST JULY 2023

### 32nd Senior National Wushu Championship-Balevadi,Maharashtra

32nd Senior National wushu championship was organized at Balevadi,Maharashtra under the auspicious of All Maharashtra Wushu Association schedule from 26th June to 1st July 2023.

In this championship Jharkhand won 01 Gold,02 Silver and 04 Bronze medals:-

| SL NO | NAME | DATE OF BIRTH | WEIGHT CATEGORY | FATHERS NAME | MEDAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NISHANT TIRKEY | 09.01.1998 | Below 48 KG | CHAMPA TIRKEY | BEST 8 |
| 2. | RUPLAL MAHTO | 04.04.1998 | Below 52 KG | DHANESHWAR MAHTO | X |
| 3. | SOMNATH SINGH | 20.06.1994 | Below 56 Kg | AGNU SINGH | X |
| 4. | PRASHANT GORAI | 08.10.1998 | Below 60 Kg | BANESWAR GORAI | X |
| 5. | SHASHIKANT MAHTO | 10.10.1999 | Below 65 kg | SHIV POOJAN SHARMA | BEST 8 |
| 6. | SURAJ KUMAR | 15.06.1996 | Below 70 Kg | KRISHNA KUMAR PATHAK | X |
| 7. | AVINASH KOIRI | 18.10.1999 | Below 75 Kg | PASHUPATI KOIRI | X |
| 8. | SHUBHAM KUMAR SINGH | 16.10.1999 | Below 80 Kg | VINOD KUMAR SINGH | X |
| 9. | AMAN TIWARY | 14.05.1999 | Below 85 Kg | GAUTAM TIWARI | X |
| 10. | VINEET PAWAN | 22.08.1997 | Below 90 Kg | MATHIAS TIRKEY | BEST 8 |
| 11. | SHIVAM KUMAR | 10.04.2004 | Below 90+ Kg | SANJIT KUMAR | X |
| 12. | SABITA KUMARI | 03.10.2003 | Below 45 Kg | ASHOK MAHTO | BRONZE |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | MANORAMA KACHHAP | 15.10.2004 | Below 48 Kg | BABLU KACHHAP | X |
| 14. | PALLAVI GARI | 19.07.2000 | Below 52 Kg | RAJESH GARI | BEST 16 |
| 15. | PHOOL KUMARI BEDIA | 10.09.1998 | Below 56 Kg | BHAGWAT BEDIA | BEST 16 |
| 16. | TARAMUNI BAXLA | 05.08.2003 | Below 60 Kg | SANI ORAON | X |
| 17. | KAVITA BEDIA | 07.08.1994 | Below 65 kg | BHIM BEDIA | BEST 16 |
| 18. | SACHIN KUMAR | 02.09.1997 | TAOLU | DASHRATH JAMUDA | X |
| 19. | RAKESH ORAON | 07.09.2002 | TAOLU | RAJU ORAON | X |
| 20. | TARA KUMARI | 17.04.1998 | TAOLU | BHOLA SAHU | X |
| 21. | ASTHA ORAON | 02.07.2004 | TAOLU | PREM ORAON | X |
| 22. | AKASH ORAON | 11.08.1997 | TAOLU | BUDHVA ORAON | BRONZE |
| 23. | SHREYA KUMARI | 09.04.1996 | TAOLU | SUKHDEV ORAON | BEST 8 |
| 24. | PURNIMA LINDA | 06.01.1995 | TAOLU | HUSNA ORAON | BEST 8 |
| 25. | SANJANA KUMARI | 18.06.2004 | TAOLU | ANIL ORAON | X |
| 26. | TANUSHREE | 19.05.2004 | TAOLU | P K DWIVEDI | BRONZE |
| 27. | VISHAL GANJHU | 17.11.2003 | TAOLU | RATAN GANJHU | X |
| 28. | ANKIT KUMAR | 08.07.2001 | TAOLU | RUPLAL MAHTO | X |
| 29. | LAXMI KUMARI | 25.02.2002 | TAOLU | BHOPAL YADAV | BRONZE |
| 30. | DOLLY KUMARI | 06.08.2001 | TAOLU | MOHAN MAHTO | X |
| 31. | ARYAN SINGH | 26.10.2003 | TAOLU | ASHOK SINGH | X |
| 32. | AVINASH GANJHU | 05.02.1996 | TAOLU | RATAN GANJHU | 1 GOLD<br>1 SILVER |
| 33. | BHASKAR KUMAR | 11.07.2003 | TAOLU | RAM KISHOR TRAKUR | X |
| 34. | PRASHANT KAIBARTA | 04.07.2001 | TAOLU | R K KAIBARTA | X |
| 35. | SONI MINJ | 08.05.1995 | TAOLU | LAXMAN MINJ | X |
| 36. | BASUDEO TOPPO | 08.07.1995 | TAOLU | BIRSA TOPPO | X |
| 37. | ROHIT KUMAR GANJHU | 08.03.1998 | TAOLU | SHANKAR GANJHU | X |
| 38. | MANISH MUNDA | 10.09.1998 | TAOLU | SANICHARWA MUNDA | X |
| 39. | SAKIB ANSARI | 17.03.2004 | TAOLU | SALIM ANSARI | SILVER |
| 40. | JETHU GANJHU | 08.08.2000 | TAOLU | DHANU GANJHU | X |



फील्ड बाइट्स

# सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता के लिए झारखंड वुशु टीम पुणे गयी




**रांची.** पुणे के बालवाड़ी में 32वीं सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता का आयोजन होना है. प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रविवार को झारखंड वुशु दल पुणे रवाना हुई. 44 सदस्यीय दल में दो मैनेजर और दो कोच शामिल है. झारखंड के इन खिलाड़ियों का चयन राज्य वुशु प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर किया गया था और इनको प्रशिक्षण भी दिया गया. टीम के मैनेजर शिवेंद्र दूबे व मनोज कुमार और कोच शैलेंद्र दूबे और दीपक गोप हैं. टीम को सफलता के लिए झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसीडेंट डॉ प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, डॉ कविता सिंह सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी.

पर वापसी करेंगे। मई में दोहा डायमंड लीग के दौरान वह चोटिल हो गए थे . . .

जर्मनी के जूलियन वेबर से चुनौती
शंकर भी पेश करेंगे चुनौती : लंबी
खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर भी निगाह
वह जून में पेरिस में 8.09 मीटर क
साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

# झारखंड की तनुश्री को सीनियर वुशु में कांस्य




रांची। पुणे में चल रही 32वीं सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता के तीसरे दिन झारखंड की ताऊलू खिलाड़ी तनुश्री ने कांस्य पदक हासिल किया। गुरुवार को सानसाउ की खिलाड़ी सबिता कुमारी ने सेमीफाइनल में जगह बना कर झारखंड के लिए एक और पदक पक्का कर लिया।
इसके साथ साथ झारखंड के शशिकांत महतो ,निशांत तिरकी,विनीत ने अपने वर्ग में बढ़त बनाये रखी।

# बैंक खोलेंगे महिला सम्मान

**सुविधा**

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना का खाता अब सरकारी और निजी बैंकों में खुलवाया जा सकेगा। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की

**कौन खुलवा सकता है खाता**

योजना के तहत महिला खुद के लिए आ
और से अभिभावक आवेदन दे सकते हैं।

**कब तक किया ता सकता है आ**

यह एकमुश्त योजना है, जो दो साल के
लिए ही निवेश किया जा सकता है। 31





आज



आम लोगों पर कर का बोझ कम करने में मिली मदद : सीतारमण | मणिपुर हिंसा पीड़ितों के शिविरों में दवाइयों व खाने-पीने की कमी : राहुल

● उत्तर प्रदेश ● बिहार ● झारखंड से प्रकाशित | www.ajhindidaily.com | रांची, शनिवार १ जुलाई २०२३ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य ३ रुपये


# राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में चतरा जिला वुशू संघ के खिलाड़ी अविनाश गंझू ने स्वर्ण पदक जीता



खलारी। चतरा जिला वुशू संघ के सिनियर खिलाड़ी अविनाश गंझू ने पुणे के छत्रपति शिवा. जी स्पोर्टस कम्पलेक्स में चल रहे 32वां राष्ट्रीय सिनियर वुशू प्रतियोगिता के ताऊलू स्पर्धा के ट्रेडिशनल ताईची क्वान ईवेन्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त कर पुरे झारखण्ड के साथ चतरा जिला का सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर बढाया है। अशोका क्षेत्र के बेंती पंचायत के पाहन टोंगरी गांव के रहने वाले अविनाश गंझू पुर्व में भी कई पदक अपने नाम का चुके है। अविनाश की इस सफलता पर कोच रज़ी अहमद और झारखण्ड वुशू संघ के महासचिव शैलेन्द्रनाथ दुबे एवं झारखण्ड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्रनाथ दुबे ने बधाई दी है।

# झारखंड के अविनाश गंझू ने नेशनल वुशु में जीता गोल्ड मेडल



